*This Question Paper contains 8 printed pages.*

Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. : 237770

# 009(H)

**(March, 2022)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

**सूचनाएँ :**

**1 ) इस प्रश्नपत्र में पाँच विभाग हैं।**

**2 ) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।**

**3 ) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**4 ) शुद्ध वाक्यरचना, भाषाशैली एवं स्वच्छता पर ध्यान दें।**

**5 ) प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं।**

## विभाग – A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:** **[8]**

( 1 ) नमक की गाड़ियाँ किसकी थीं?

(अ) वंशीधर की (ब) बदलू सिंह की

(स) पण्डित अलोपीदीन की (द) मुंशीजी की

( 2 ) सीमा बुआ कैसी है?

(अ) बुढ़िया (ब) परित्यक्ता

(स) अकेली (द) तीनों सही हैं।

( 3 ) लेखक ने अपना कैसा घर बेचने का विचार किया?

(अ) नया (ब) बड़ा

(स) पुश्तैनी (द) शहर का

( 4 ) गोरा मुखिया बाहर निकल कर क्या करना चाहता था?

(अ) सिगरेट पीना चाहता था। (ब) पानी पीना चाहता था।

(स) हवा खाना चाहता था। (द) कॉफी पीना चाहता था।

(5) कर्नल ने सवार को कितने कारतूस दिए?

(अ) चार (ब) दस

(स) सात (द) थोड़े

(6) अग्निकुंड सिकुड़कर क्या बन गया?

(अ) रेडियम

(ब) आयोडीन

(स) पृथ्वी

(द) यूरेनियम

(7) सुभाष बाबू अज्ञात लोक के यात्री में से किस लोक के यात्री बन गए?

(अ) पृथ्वी लोक

(ब) पाताल लोक

(स) अनंत लोक

(द) नाग लोक

(8) लेखक क्या भूलना चाहता है?

(अ) अपना जन्मदिन (ब) अपनी गलतियाँ

(स) पत्नी की यादें (द) गाँव की यादें

■ **योग्य जोड़ा मिलाकर लिखिए :** **[2]**

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| (9) मनोहरपुरी की सीमा पर | (i) हरिशंकर परसाई |
| (10) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है | (ii) विद्या निवास मिश्र |
| | (iii) गोवर्धनराम त्रिपाठी |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[4]**

( 11 ) वंशीधर की माता की कौन-सी कामना मिट्टी में मिल गई?

( 12 ) सीमा बुआ के बेटे का नाम क्या था?

( 13 ) गाँव का पुश्तैनी घर बंद क्यों रहता था?

( 14 ) जोहनिसबर्ग पहुँचने के लिए एक रात कहाँ रूकना पड़ता था?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

( 15 ) कर्नल हक्का-बक्का क्यों रह गया?

( 16 ) पारस पत्थर का कार्य क्या है?

( 17 ) सुभाष बाबू युद्ध को कौन-सी संधि समझते थे?

( 18 ) लेखक किसे बधाई देने को कहता है?

( 19 ) लेखक को रात-दिन नींद क्यों नहीं आती?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर सविस्तार लिखिए :** **[5]**

( 20 ) पण्डित आलोपीदीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।

( 21 ) गाँधीजी ने सिकरम कम्पनी के एजेन्ट को चिट्ठी क्यों लिखी? उसका क्या उत्तर प्राप्त हुआ?

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[8]**

( 22 ) कान्ह के संग कौन विराजमान है?

(अ) सखी (ब) श्यामा अर्थात् राधा

(स) नंद (द) यशोदा

(23) कृष्ण किसके हो गए हैं?

(अ) बाँसुरी के (ब) ग्वाला के

(स) राधा के (द) गोपियों के

(24) बालक किसके आश्रम में पढ़ रहा था?

(अ) वाल्मीकि के (ब) कश्यप के

(स) गौतम के (द) द्रोणाचार्य

(25) जब बादल को घिरते देखा, तब किस ऋतु का प्रभाव था?

(अ) वर्षा (ब) हेमंत

(स) शिशिर (द) वसंत

(26) कवि ने किस वन का जिक्र किया है?

(अ) सुंदरवन (ब) चीड़वन

(स) मधुवन (द) तपोवन

(27) जीवन में एक सितारा था,--------

(अ) वह डूब गया तो डूब गया (ब) वह टूट गया तो टूट गया

(स) माना वह बेहद प्यारा था (द) जो गिरते हैं, कब उठते हैं,

(28) युद्ध और आतंक किसके पर्याय हैं?

(अ) सामाजिकता के (ब) मनोविज्ञान के

(स) मानसिकता के (द) संवेदना के

(29) बैरंग बेनाम चिट्ठी में कैसा दर्द है?

(अ) सुना गया (ब) सच कहा

(स) झूठ कहा (द) अनकहा

■ **उचित जोड़ा बनाकर लिखिए :** **[2]**

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| (30) नींव की ईंट हो तुम दीदी | - (i) रामदरश मिश्र |
| (31) कैलेंडर | - (ii) सूरज बड़त्या |
| | (iii) उदय प्रकाश |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[4]**

( 32 ) घर और दफ्तर में क्या टँगा है?

( 33 ) हारिल कैसा पक्षी है?

( 34 ) जड़ किसका प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता?

( 35 ) कवि ने कैसी चिट्ठी छोड़ी है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

( 36 ) सितारे के रूपक से कवि क्या समझाना चाहता है?

( 37 ) कृष्ण कैसे होली खेलते हैं?

( 38 ) गोपियाँ कृष्ण का कौन-सा स्वाँग रचती हैं?

( 39 ) बालक ने क्रोधित सिंहनी से क्या कहा?

( 40 ) कवि को इसकी क्यों चिंता है कि घर नदियों के किनारे बने हैं?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर सविस्तार लिखिए :** **[5]**

( 41 ) 'बादल को घिरते देखा है' काव्य में कवि की सौंदर्य की नैसर्गिकता का वर्णन कीजिए।

( 42 ) ''बैरंग बेनाम चिट्ठियाँ'' काव्य का भावार्थ समझाइए।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :** **[2]**

( 43 ) प्रासाद

( 44 ) अफसाना

■ **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :** **[2]**

( 45 ) आय

( 46 ) कठोर

■ **निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :** [2]

( 47 ) आम

( 48 ) तुरन्त

■ **निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए :** [2]

( 49 ) वीरता

( 50 ) कृतित्व

■ **निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द दीजिए :** [2]

( 51 ) ईश्वर का दिया हुआ

( 52 ) पति द्वारा त्यागी हुई स्त्री

■ **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए :** [1]

( 53 ) उसने एक फूल की माला खरीदी।

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए :** [1]

( 54 ) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

■ **निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :** [4]

( 55 ) अप्रैल फूल बनाना

( 56 ) हाथ न लगना

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [4]

( 57 ) सूचना एवं प्रौद्योगिकी का अर्थ क्या है?

( 58 ) डाक विभाग कौन से मंत्रालय के अंतर्गत आता है?

( 59 ) विश्व उपभोक्ता दिन कब मनाया जाता है?

( 60 ) मुद्रण कला के आविष्कार का श्रेय किसे प्राप्त है?

## विभाग - D

■ **निम्नलिखित पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** [5]

( 61 ) बीत गई सो बात गई

■ **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर एक तिहाई में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** [5]

( 62 ) साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखनेवाले उसके बारें में क्या सोच रहे हैं? जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस में देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करनेवाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर माध्यम बनाते हैं।

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [5]

इस संसार में समय एवं सुख दु:ख का चक्र हमेशा चलता रहता है। जगत में सुख-दु:ख का संघर्ष हरेक समाज एवं देश में भी चलता है। इस संघर्ष से कोई भी मुक्त नहीं है। अनेक व्यक्ति मुखौटा पहनकर अपने आप को या तो सुखी या तो दु:खी बताता रहता है। लेकिन सच बात तो यह है कि प्रत्येक जीव सुख-दु:ख का अनुभव करता है। हम ऐसा मान लेते हैं कि जिसके पास धन, प्रतिष्ठा, बुद्धि है वो दु:खी नहीं होते। लेकिन सच यह है कि सुख के बाह्य आभास के बीच उनके मन में जो दु:ख होता है वे उसे बता नहीं सकते। ऐसे लोग धन, प्रतिष्ठा के बल पर दु:ख पर आवरण डालकर अपने मन के दु:खों को छिपा लेते हैं। ऐसे लोगों के प्रति सम्मान, शुभेच्छा और सहानुभूति रखनेवालों की कमी नहीं है।

( 63 ) सुख दु:ख को लेखक ने सार्वत्रिक क्यों बताया है?

( 64 ) धन प्रतिष्ठा और बुद्धि धारण करने वाले को क्या दु:ख है?

( 65 ) हम किससे मुक्त नहीं हैं?

( 66 ) 'मुक्त ' का समानार्थी और विलोम बताइए।

( 67 ) इस परिच्छेद के लिए योग्य शीर्षक दीजिए।

## विभाग - E

■ **निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** [5]

( 68 ) एक विद्यार्थी— असफल होना— निराश— आत्महत्या करने जाना— मकड़ी को देखना— बार बार फिसलती — निरंतर प्रयत्न के बाद सफलता — वापस घर आना— माता-पिता से माफी माँगना— ध्यान से पढ़ाई करना— सफलता-सीख

■ **निम्नलिखित विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए :** [10]

( 69 ) स्वच्छ भारत

**अथवा**

कर्त्तव्यनिष्ठ सिपाही की आत्मकथा

**अथवा**

मातृप्रेम

◆◆◆

*This Question Paper contains 6 printed pages.*

Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. : 113751

# 002 (H)

**(March, 2022)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

**सूचनाएँ :**

**1) इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग हैं।**

**2) प्रश्नपत्र में दी गई सूचना के अनुसार उत्तर लिखें।**

**3) शुद्ध वाक्य-रचना, उचित भाषा-शैली एवं स्वच्छता आवश्यक है।**

**4) प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं।**

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[5]**

1) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किस फिल्म को कहा है?

(अ) आवारा (ब) कोहिनूर

(क) फ़ंटूश (ड) तीन देवियाँ

2) 'बाज़ार दर्शन' पाठ किस साहित्यिक विधा में लिखा गया है?

(अ) संस्मरण (ब) निबंध

(क) उपन्यास (ड) कहानी

3) इंदर सेना सबसे पहले किसकी जय बोलती है?

(अ) भगवान इन्द्र की (ब) काले मेघों की

(क) किसानों की (ड) गंगा मैया की

4) 'दिन दस फूला फूलि के खंखड़ भया पलास'-ऐसा किसने कहा है?

(अ) कालिदास (ब) कबीर

(क) रवीन्द्रनाथ (ड) सुमित्रानंदन पंत

5) 'स्मृति की रेखाएँ' नामक पुस्तक से कौन-सा पाठ लिया गया है?

(अ) नमक (ब) पहलवान की ढोलक

(क) भक्तिन (ड) बाज़ार दर्शन

■ **जोड़े मिलाइए :** **[5]**

| पात्र | संवाद |
|---|---|
| 6 ) राजा साहब | (अ) ''बाजार है कि शैतान का जाल ?'' |
| 7 ) सिख बीबी | (ब) ''हाय लछमिन अब आई।'' |
| 8 ) लेखक के मित्र | (क) ''उसने क्षत्रिय का काम किया है।'' |
| 9 ) भक्तिन | (ड) ''देख बिना त्याग के दान नहीं मिलता।'' |
| 10 ) जीजी | (इ) ''का ओहू कवित्त लिखे जानत हैं।'' |
| | (फ) ''अगर ला सको तो थोड़ा-सा लाहौरी नमक लाना।'' |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[3]**

11 ) सफ़िया के भाई ने नमक की पुड़िया ले जाने से मना क्यों कर दिया?

12 ) लुट्टन किसे अपना गुरु मानता था?

13 ) बचपन में ही किस संस्था से प्रभावित होकर धर्मवीर भारती अंधविश्वासों का विरोध करने लगे थे?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

14 ) भगत जी की विशेषता बताइए।

15 ) सिख बीबी को देखकर सफ़िया क्यों हैरान रह गई?

16 ) बचपन में चार्ली माँ के साथ कब रो पड़ा था?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

17 ) 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के माध्यम से लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए।

18 ) भक्तिन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

■ **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[6]**

19 ) ''आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।''

20 ) ''औरत ही तो है जो मानव जाति की निरंतरता को बनाए रखने के लिए बच्चा जनने की तकलीफ़ों से गुज़रती है और संघर्ष करती है, बहुत अधिक मजबूत और बहादुर सिपाहियों से भी ज्यादा मेहनत करके खटती है। उतना संघर्ष तो ये सारे सिपाही मिलकर भी नहीं करते।''

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** [5]

21 ) भोर का नभ कैसा लग रहा है?

(अ) धुँधला-सा (ब) नीले शंख जैसा

(क) ताम्रवर्णी (ड) नीलकमल-सा

22 ) फ़िराक गोरखपुरी का मूल नाम बताइए।

(अ) रघुपति सहाय (ब) सुदामा पांडेय

(क) बेचन शर्मा (ड) रघुवीर सहाय

23 ) रावण व्याकुल होकर किसके पास गया?

(अ) अकंपन (ब) जगदंबा

(क) विभीषण (ड) कुंभकरण

24 ) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(अ) लोग भूल गये हैं। (ब) सीढ़ियों पर धूप

(क) हँसो-हँसो जल्दी हँसो (ड) आत्महत्या के विरुद्ध

25 ) तुलसी ने सबसे बड़ी आग किसे बताया है?

(अ) दावानल को (ब) बड़वानल को

(क) जठरानल को (ड) प्रेमानल को

■ **जोड़े मिलाइए :** [5]

| **रचनाकार** | **रचना** |
|---|---|
| 26 ) गजानन माधव मुक्तिबोध | (अ) उषा |
| 27 ) शमशेर बहादुर सिंह | (ब) बात सीधी थी पर |
| 28 ) हरिवंश राय बच्चन | (क) बगुलों के पंख |
| 29 ) उमाशंकर जोशी | (ड) एक गीत |
| 30 ) कुँवर नारायण | (इ) बादल राग |
| | (फ) सहर्ष स्वीकारा है। |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** [3]

31 ) कवि ने छोटे चौकोने खेत की तुलना किससे की है?

32 ) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे हैं?

33 ) लक्ष्मण के शक्ति बाण लगने का प्रसंग 'रामचरितमानस' के किस कांड से लिया गया है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

34 ) कविता और बच्चे को समानांतर रखने के क्या कारण हो सकते हैं?

35 ) मुक्तिबोध दिल के झरने के माध्यम से क्या कहते हैं?

36 ) जिद कर रहे बालक को माँ ने कैसे बहलाया? -'रुबाइयाँ' के आधार पर उत्तर दीजिए।

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

37 ) 'आत्मपरिचय'- कविता का केन्द्रीयभाव लिखिए।

38 ) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के माध्यम से दृश्य-संचार माध्यमों की हृदयहीनता को स्पष्ट कीजिए।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[6]**

39 ) हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार-
शस्य अपार,
हिल-हिल
खिल-खिल
हाथ हिलाते,
तुझे बुलाते,
विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।

40 ) निज जननी के एक कुमारा । तात तासु तुम्ह प्रान अधारा।
सौंपेसि मोहि तुम्हहि गहि पानी। सब बिधि सुखद परम हित जानी।।

41 ) अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :** **[2]**

42 ) प्रत्यक्ष

43 ) सुरेश

■ **निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :** **[2]**

44 ) आँसू

45 ) आग

■ **निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए :** **[2]**

46 ) प्रतिनिधित्व

47 ) अच्छाई

■ **निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास का नाम बताइए :** **[2]**

48 ) गजानन

49 ) यथाशक्ति

■ **निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए :** **[2]**

50 ) जिसका कोई शत्रु न हो

51 ) एक ही माँ की कोख से जन्मे

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए :** **[4]**

52 ) जान खा जाना

53 ) पानी फिर जाना

■ **निम्नलिखित छन्द का लक्षण लिखकर उदाहरण लिखिए :** **[2]**

54 ) दोहा

■ **निम्नलिखित अलंकारों की सोदाहरण परिभाषा लिखिए :** **[4]**

55 ) श्लेष

56 ) अनुप्रास

## विभाग - D

■ **निम्नलिखित अपठित परिच्छेद का एक-तिहाई भाग में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

57 ) ऐसा कोई दिन आ सकता है, जबकि मनुष्य के नाखूनों का बढ़ना बंद हो जाएगा। प्राणिशास्त्रियों का ऐसा अनुमान है कि मनुष्य का अनावश्यक अंग उसी प्रकार झड़ जाएगा, जिस प्रकार उसकी पूँछ झड़ गई है। उस दिन मनुष्य की पशुता भी लुप्त हो जाएगी। शायद उस दिन वह मरणास्त्रों का प्रयोग भी बंद कर देगा। तब तक इस बात से छोटे बच्चों को परिचित करा देना वांछनीय जान पड़ता है कि नाखून का बढ़ना मनुष्य के भीतर की पशुता की निशानी है और उसे नहीं बढ़ने देना मनुष्य की अपनी इच्छा है, अपना आदर्श है। बृहत्तर जीवन में अस्त्र-शस्त्रों का बढ़ने देना मनुष्य की पशुता की निशानी है और उसकी बाढ़ को रोकना मनुष्यत्व का तकाजा है।

■ **निम्नलिखित विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :** **[10]**

58 ) सहशिक्षा का महत्त्व

**अथवा**

बढ़ती सभ्यता कटते पेड़

**अथवा**

राजनीति और धर्म

**अथवा**

मेरी प्रिय फिल्म

■ **निम्नलिखित अपठित काव्यांश का भावार्थ लिखिए :** **[5]**

59 ) जो नहीं हो सके पूर्ण-काम
मैं उनको करता हूँ प्रणाम
जो छोटी-सी नैया लेकर
उतरे करने को उदधि-पर
मन की मन में रही, स्वयं
हो गए उसी में निराकार!
उनको प्रणाम!

कृत-कृत्य नहीं जो हो पाए;
प्रत्युत फाँसी पर गए झूल
कुछ ही दिन बीते हैं, फिर भी
यह दुनिया जिनको गई भूल!
उनको प्रणाम!

जिनकी सेवाएँ अतुलनीय
पर विज्ञान से रहे दूर;
प्रतिकूल परिस्थिति ने जिनके
कर दिए मनोरथ चूर-चूर
उनको प्रणाम!

◆◆◆